संख्या-94/2019/1398/71-3-2019-एनएम-15/2019टी0सी0

प्रेषक,

डॉ0 रजनीश दुबे,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 20 दिसम्बर, 2019

विषय:- केन्द्र सहायतित योजना (फेज-3) के अंतर्गत जिला चिकित्सालय को उच्चीकृत कर राजकीय मेडिकल कालेज, सोनभद्र की स्थापना हेतु भूमि क्रय किए जाने के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में अवगत कराना है कि केन्द्र सहायतित योजना "इस्टैबलिशमेंट ऑफ न्यू मेडिकल कॉलेजेज अटैच्ड विद एक्जिस्टिंग डिस्ट्रिक्ट/रेफरल हास्पिटल्स" (फेज-3) के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय, सोनभद्र को उच्चीकृत कर राजकीय मेडिकल कालेज बनाए जाने हेतु आपके पत्र संख्या-66/डीएलआरसी-मेडिकल कालेज/2019, दिनांक 06.10.2019 द्वारा मेडिकल कालेज की स्थापना हेतु ग्राम-रौप, परगना-बड़हर तहसील-राबर्टसगंज, जनपद-सोनभद्र के भूमिधरों की प्रस्तावित 2.937 हे0 भूमि को नियत सर्किल रेट के आधार पर रू0 14,14,64,248.00 (रूपये चौदह करोड़ चौदह लाख चौसठ हजार दो सौ अड़तालिस मात्र) का मूल्यांकन किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय मेडिकल कालेज सोनभद्र की स्थापना हेतु ग्राम-रौप, परगना-बड़हर तहसील-राबर्टसगंज, जनपद-सोनभद्र के भूमिधरों की 2.937 हे0 भूमि के क्रय हेतु **रू0 14,14,64,248.00 (रूपये चौदह करोड़ चौदह लाख चौसठ हजार दो सौ अड़तालिस मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन आपके निर्वतन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

1. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उन्हीं कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।
2. अवमुक्त धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार करते हुए व्यय नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि को पी0एल0ए0/बैंक खाते/ डाकघर में नहीं रखा जायेगा।
3. स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र का विवरण समयान्तर्गत शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।
4. नियमानुसार निर्विवाद रूप से भूमि उपलब्ध होने के उपरान्त ही धनराशि का आहरण किया जायेगा।
5. प्रश्नगत प्रायोजना के संबंध में भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का भी अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।
6. वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनॉक 22 मार्च, 2019 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3- उक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-31 के अधीन लेखाशीर्षक "4210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय-03-चिकित्सा, शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-85-14-जिला चिकित्सालयों को उच्चीकृत कर मेडिकल कालेज की स्थापना-24-वृहद निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

(डॉ0 रजनीश दुबे)
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्याः-94/2019/1398(1)/71-3-2019 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार, (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
5. वरिष्ठ कोषाधिकारी, सोनभद्र।
6. नियोजन अनुभाग-4
7. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
8. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 इलाहाबाद।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अनिल कुमार)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।